# राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान

(जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का स्वायत शासी अनुसंधान संस्थान)

**अरूणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067**

यूआरएल: http://www.nii.res.in

## शैक्षणिक वर्ष 2024-25 M (मॉनसून- सत्र) के लिए पीएच.डी. कार्यक्रम हेतु प्रवेश

राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान (एनआईआई) पीएच.डी. कार्यक्रम हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान के दायरे में निम्नलिखित व्यापक अंतरविषयक क्षेत्र जैसे:- **इम्यूनोलॉजी, संक्रामक और क्रोनिक रोग जीवविज्ञान, आण्विक और सेलुलर जीवविज्ञान, रासायनिक जीव विज्ञान, संरचनात्मक जीव विज्ञान और कम्प्यूटेशनल जीव विज्ञान** सम्मिलित है।

**न्यूनतम योग्यताएं:**

1. एम.एस सी. विज्ञान की किसी भी शाखा में (उदाहरणार्थ जीवविज्ञान, रसायनविज्ञान, गणित, भौतिकी), एम.टेक., एम.बी.बी.एस., एम.वी.एस.सी, एम.फार्म या उसके समकक्ष योग्यता जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नई दिल्लीके मानदंडों के अनुसार।

2. सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए सीनियर सेकेंडरी प्रमाणपत्र (10+2) और स्नातक डिग्री में 60% और स्नातकोतर डिग्री में 55% प्राप्तांकयोग (अथवा समकक्ष ग्रेड में) होना अपेक्षित है । आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों (अन्य पिछडा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर एनसएल), अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूडीतथाईडब्ल्यूएस (ईडब्लूएस)) के लिए सीनियर सैकण्डरी, स्नातक और स्नातकोतर डिग्री में प्राप्तांक योग में पांच प्रतिशत की छूट लागू होगी। प्राप्तांकों के प्रतिशत को अगले पूर्णांक बनाए जाने की अनुमति नहीं है।

3. वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में योग्यता डिग्री परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते कि उनके पाठ्यक्रम की आवश्यकताएं जुलाई 2024 तक पूरी हो जाएंगी। उनको प्रवेश के उपरोक्त अपेक्षाएं संतोषप्रद रूप से पूर्ण करने तक अंतरिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा।

4. सीटों के लिए आरक्षण: अनुसूचित जाति हेतु 15%, अनुसूचित जनजाति हेतु 7.5%, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर) हेतु 27% और शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए 5% सांविधिक मानदंडों केअनुसार दिया जाएगा।

5. ईडब्ल्यूएस (EWS) के लिए आरक्षण: ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, उन्हें प्रवेश में 10% का आरक्षण मिलेगा ।

**चयन प्रक्रिया:**

क. एनआईआई पीएच.डी कार्यक्रम के लिए अभ्यर्थियों का निम्नलिखित दो चयनों के माध्यमों से चयन किया जाएगा:

चैनल 1: एनआईआई द्वारा दिनांक **28 अप्रैल, 2024 (रविवार)** को कंप्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा, एनआईआई-2024-25M (मानसून-सत्र) भारत के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

चैनल 2: जीव विज्ञान और अंत:विषय जीवन विज्ञान में संयुक्त स्नातक प्रवेश परीक्षा (जेजीईईबीआईएलएस-2024)

अभ्यर्थियों को उपरोक्त दोनों परीक्षाओं में से कम से कम एक में उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को एनआईआई-2024-25M या जेजीईईबीआईएलएस-2024 में प्रवेश परीक्षा में उनके अंकों के आधार पर साक्षात्कार के लिए अल्प-सूचीबद्ध किया जाएगा।

ख. साक्षात्कार के लिए अल्प-सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों की सूची संस्थान की बेवसाइट पर दिनांक **06 मई, 2024** तक या उससे पूर्व उपलब्ध होगी और साथ ही संस्थान की सूचना पट्ट पर भी सूची को लगाया जाएगा।

ग. साक्षात्कार राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में दिनांक **04-06 जून, 2024 तथा 10-12 जून, 2024 तक** आयोजित किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची, अंतिम साक्षात्कार के एक सप्ताह के भीतर एनआईआई वेबसाइट तथा संस्थान के नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा।

घ. चयनित अभ्यर्थियों को शैक्षणिक संबद्धता में जेएनयू, नई दिल्ली के साथ एनआईआई पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए नामांकित किया जाएगा। ।

**पी.एच.डी. कार्यक्रम:**

1. यह कार्यक्रम दिनांक **01 जुलाई, 2024 (सोमवार)** से प्रारंभ होगा ।
2. संस्थान वर्तमान में चयनित अभ्यर्थी को रुपये **37000**/- प्रतिमाह की जूनियर रिसर्च फैलोशिप प्रदान करता है चयनित अभ्यर्थी जो सीएसआईआर, यूजीसी, आईसीएमआर, डीबीटी, और डीएसटी से पहले से ही फैलोशिप पुरस्कार के विजेता है, वे संबंधित फंडिंग एजेंसी द्वारा शासित नियमों के अनुसार फैलोशिप का लाभ उठा सकते हैं।
3. एनआईआई एक आवासीय परिसर है और कार्यक्रम में भर्ती होने वाले सभी छात्रों को साझा छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**आवेदन प्रक्रिया:**

1. अभ्यर्थियों को अपना आवेदन केवल एनआईआई ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा । आवेदन प्रक्रिया का विवरण http://www.nii.res.in पर उपलब्ध है ।
2. ऑनलाइन आवेदन शुल्क अनारक्षित/ओबीसी(एनसीएल) अभ्यर्थियों के लिए **1200/-रूपये** तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए **600/-रूपये** (अप्रतिदेय) है।

3. ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा **दिनांक 26 फरवरी, 2024 से 25, मार्च, 2024 तक** एनआईआई वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी ।

4. एनआईआई ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल से संबंधित तकनीकी पूछताछ करने हेतु कृपया सहायता संख्या: 022-62507725, ईमेल: phdadm2024@nii.ac.in पर संपर्क करें ।

5. पात्रता मानदंड या अन्य शैक्षिक मामलों से संबंधित प्रश्नों की पूछताछ करने हेतु कृपया टेलीफोन नं. 011-26703662, 011-26703762 या 011-26717101 ईमेल: academic2024@nii.ac.in पर संपर्क करें।

6. अभ्यर्थी का नाम तथा उसकी जन्म तिथि सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट(10वीं) अथवा समतुल्य में संगत प्रविष्टियों के अनुरूप होनी चाहिए।

7. अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर प्रस्तुत सूचना सत्य एवं सही है। यदि किसी भी समय कोई भी त्रुटी पाई जाती है, तो एनआईआई उनका चयन/उम्मीदवारी निरस्त करने हेतु स्वतंत्र अधिकार रखता है।

**मुख्य तिथि:**

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन आरंभ तिथि** | : | **दिनांक 26.02.2024** |
| **ऑनलाइन आवेदन समाप्ति तिथि** | : | **दिनांक 25.03.2024** |
| **प्रवेश पत्र डाउनलोड के लिए उपलब्ध** | : | **दिनांक 08.04.2024 से** |
| **एनआईआई-2024-25M प्रवेश परीक्षा** | : | **दिनांक 28.04.2024 (रविवार)** |
| **प्रवेश परिणाम घोषणा** | : | **दिनांक 06.05.2024** |
| **ऑनलाइन साक्षात्कार पहला राउंड** | : | **दिनांक 04.06.2024-06.06.2024** |
| **ऑनलाइन साक्षात्कार दूसरा राउंड** | : | **दिनांक 10.06.2024-12.06.2024** |

**योग्यता पूरी करने वाली महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**